भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2332

सोमवार, 3 अगस्त, 2026 / 12 श्रावण, 1948 (शक)

एर्नाकुलम में कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा संस्थानों का जीर्णोद्धार और उन्नयन

†2332. श्री हैबी ईडनः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को एर्नाकुलम उत्तर में स्थित कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल की जर्जर स्थिति की जानकारी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एर्नाकुलम उत्तर में 100 बिस्तरों वाले एक नए ईएसआई अस्पताल के निर्माण का प्रस्ताव अनुमोदित है या विचाराधीन है और यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति, अनुमानित लागत, परियोजना के आरंभ और पूर्ण होने की समय-सीमा क्या है तथा इसे शीघ्र पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि फोर्ट कोच्चि स्थित ईएसआई औषधालय और उप-भंडार को हाल ही में हुई एक आग दुर्घटना में काफी क्षति हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का क्षतिग्रस्त इमारतों के जीर्णोद्धार तक फोर्ट कोच्चि स्थित ईएसआई औषधालय के कामकाज के लिए कोई उपयुक्त अस्थायी वैकल्पिक भवन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा एर्नाकुलम नॉर्थ में 100 बिस्तरों वाले एक नए अस्पताल के निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया है, क्योंकि वर्तमान अस्पताल भवन पुराना, भीड़-भाड़युक्त तथा भविष्य की स्वास्थ्य-सेवा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपर्याप्त हो गया है।

अवधारणा योजना को पहले ही अनुमोदित किया जा चुका है तथा निर्माण कार्य केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को सौंप दिया गया है। केंद्रीय लोक सन्निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक लागत-प्राक्कलन के अनुसार, इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग ₹232.00 करोड़ है तथा इसके तीन वर्ष के भीतर पूर्ण किए जाने की संभावना है।

वर्ष 1966 में निर्मित फोर्ट कोच्चि स्थित ईएसआई औषधालय भवन एक भीषण अग्निकांड में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। इस अग्निकांड में आरडीडी उप-भंडार वाला भाग, औषधालय के दो कक्ष तथा उनसे संबंधित विद्युत स्थापन पूर्णतः नष्ट हो गए।

इस बीच, स्वास्थ्य-सेवाओं की बिना किसी व्यवधान के उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए फोर्ट कोच्चि स्थित मूल औषधालय भवन के पुनर्स्थापन तक ईएसआई औषधालय को अस्थायी रूप से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित थोप्पुमपडी के ईएसआई औषधालय में स्थानांतरित कर दिया गया है।

*****